Regarding Need to construct embankment along the Ramganga River in Uttar Pradesh to prevent annual flood in the region-Laid

श्रीमती रुचि वीरा **(मुरादाबाद) :** मैं सरकार का ध्यान जनपद मुरादाबाद के ग्राम मुस्तफापुर से गुरु जंभेश्वर राय विश्वविद्यालय तक रामगंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्र की ओर आकर्षित कराना चाहती हूँ । उपर्युक्त क्षेत्र में रामगंगा नदी पर उपयुक्त तटबंध न होने के कारण प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु के दौरान नदी में जलस्तर बढ़ जाने से आसपास के अनेक गांवों में बाढ़ की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है । बाढ़ के कारण किसानों की फसलें पूर्णतः नष्ट हो जाती हैं, आवासीय क्षेत्र जलमग्न हो जाते हैं तथा आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इससे न केवल जनधन की भारी हानि होती है, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक आर्थिक स्थिति भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है ।